# अपनी बात


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 534 वर्ष 42

राँची, 31 अगस्त, 2018


## हर्षोल्लास के साथ "स्वतंत्रता दिवस समारोह" मनाया गया



उपस्थित सभी को संबोधित करते मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह

सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यालय, रांची के महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, गांधीनगर में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए देश को सम्पन्न, सुदृढ़ और विकसित राष्ट्र बनने की कामना की। श्री सिंह ने कंपनी के कार्यनिष्पादन यथा कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओ.बी. निष्कासन सहित कंपनी के कल्याणकारी कायाकल्प योजनाओं जैसे सीसीएल के लाल एवं लाडली, एमएसडीसी बरकाकाना, आईटीआई भुरकुण्डा, स्पोर्ट्स एकेडमी, दिव्यांग सेन्टर, जन आरोग्य केन्द्र, शिक्षा, पेयजल, कायाकल्प पब्लिक स्कूल आदि के बारे में विस्तार से बताया।

इससे पहले श्री सिंह ने सी.सी.एल. सुरक्षा कर्मियों सीआईएसएफ जवानों, आर्मी बैन्ड के जवानों, गांधीनगर डी.ए.वी. एवं ज्ञानोदय स्कूल के छात्र–छात्राओं की मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया। तदुपरांत परेड ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी दी। आर्मी बैन्ड के जवानों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत आकर्षक धुन बजाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जेएसएसपीएस, डी.ए.वी. गांधीनगर, ज्ञानोदय एवं केंद्रीय विद्यालय राजेन्द्रनगर के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सभी ने सराहा।

समारोह में सीएमडी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक(कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री वी.के. श्रीवास्तव, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव, डीआईजी सीआईएसएफ श्री एस. एस. मिश्रा सहित श्रमिक प्रतिनिधिगण एवं कर्मी सपरिवार तथा आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम से पूर्व सीएमडी श्री सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह एवं अन्य विशिष्टगणों सहित कायाकल्प पब्लिक स्कूल, बुकरू, राँची में ध्वाजारोहण किया एवं बच्चों से मिले।

निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस तथा गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। श्री महापात्र ने गांधीनगर अस्पताल में मरीजों के बीच फल एवं मिठाईयाँ का वितरण भी किया।



मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

## भारत रत्न परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी को श्रद्धांजलि



पूजनिय वाजपेयीजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते सीसीएल कर्मी

सीसीएल वृहद परिवार के सदस्यों ने अश्रुपूरित नेत्रों के साथ विगत 17 अगस्त को मुख्यालय प्रागंण में "शोक सभा" का आयोजन कर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। बड़ी संख्या में शोकमग्न सीसीएल कर्मियों नें एक मिनट की मौन श्रद्धांजलि देकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महाप्रबंधक (प्रशासन) श्री बिमलेन्दु कुमार ने सभी कर्मियों को शोक संदेश पढ़कर सुनाया तथा दिवंगत लोकप्रिय अटलजी को नमन किया। उनकी पुण्यस्मृति में आयोजित शोकसभा में बड़ी संख्या में उपस्थित महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर हृदय से नमन किया।

## अत्याधुनिक डिजीटल रेडियोग्राफी तथा डायलिसिस मशीन का उदघाटन

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सीसीएल केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर में मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने अत्याधुनिक डिजीटल रेडियोग्राफी संयत्र, दो डायलिसिस मशीन एवं अस्पताल परिसर में बेहतर सुरक्षा एवं निगरानी के लिए 23 सीसीटीवी कैमरे का उदघाटन किया। श्री सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर मरीजों के लिए इससे बढिया उपहार कुछ और नहीं हो सकता है। इस अत्याधुनिक डिजीटल रेडियोग्राफी एवं नव प्रतिस्थापित डायलिसिस मशीन से सीसीएल द्वारा दी जा रही चिकित्सा सेवाओं में नया आयाम जुड़ेगा।

इस अवसर पर सीएमडी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री वी.के. श्रीवास्तव, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव, सीएमएस सीसीएल डॉ. सी.पी. धाम सहित गांधीनगर अस्पताल की सीएमएस डॉ. मंजूश्री सिंह, डॉ मंजू मिश्रा, डॉ आनन्द कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।




डायलिसिस के नये संयंत्र का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह एवं माननीय विशिष्ट अतिथिगण



रेडियोग्राफी संयंत्र का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह एवं माननीय विशिष्ट अतिथिगण

## त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

सी.सी.एल. मुख्यालय के "विचार मंच" में विगत 06 अगस्त को 30वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक सीएमडी श्री गोपाल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।




बैठक को संबोधित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

बैठक के प्रारंभ में दिवंगत खदान कर्मियों को एक मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। महाप्रबंधक (सुरक्षा व बचाव) श्री एस.वी. मराठे ने पावर प्वाईट के माध्यम से सी.सी.एल. में हो रहे विभिन्न सुरक्षा संबंधित गतिविधियो की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने 11वीं नेशनल सेफ्टी कॉन्फ्रेंस एवं पिछली बैठक में लिए गए कार्यवृत तथा उस पर की गई कार्यवाई की भी जानकारी दी।

श्री सिंह ने कहा कि खदान सुरक्षा सर्वोपरि है और सीसीएल प्रबंधन इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बैठक में लिये गये निर्णयों को समयबद्ध तरीके से लागू करने को निर्देश दिया और सभी से मिलकर यह संकल्प लेने को कहा कि इसे धरातल पर क्रियान्वित कर सीसीएल को खान सुरक्षा के क्षेत्र में नयी उंचाईयों पर ले जायें।

उप–महानिदेशक (मुख्यालय/साउथ ईस्टन जोन) डॉ ए के सिन्हा ने कहा कि सभी के सम्मिलित प्रयास से ही खान सुरक्षा में और बेहतर सुधार किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने खदानों में सुरक्षा हेतु प्रणाली को और पुख्ता करने की बात कही।

अवसर विशेष पर निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री ए.के. मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री ए.के. श्रीवास्तव ने कहा कि सीसीएल में खान सुरक्षा के क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है और इस बैठक में हुई चर्चा पर आवश्यक कदम उठाते हुए इन्हें क्रियान्वित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## सम्मान समारोह का आयोजन

अगस्त माह में पूरे सीसीएल से कुल 154 कर्मी सेवानिवृत हुए जिन्हें सम्मान समारोह आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। मुख्यालय से सेवानिवृत कर्मियों के नाम : श्री गोपाल प्रसाद, महाप्रबंधक (सतर्कता), श्री प्रवीण कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (उत्खनन), श्री कैलाश प्रसाद शर्मा, महाप्र. बंधक (सी.पी.), श्री आदित्य नाथ झा, महाप्रबंधक (उत्खनन), श्री समीर कुमार डे, कार्यालय अधीक्षक ए1, श्री आदित्य कुमार बनर्जी, वरीय निजी सहायक ए1, श्री राम प्रसाद चटर्जी, लेखापाल ए1, श्री श्याम सुन्दर कर, लेखापाल ए1, तथा गांधीनगर अस्पताल से श्रीमती सरोजनी केरकेट्टा, मैट्रन ग्रेड ए1।




मुख्यालय में सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पे मर मिटनेवालों का बाकी यही निशां होगा

– भगत सिंह


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)